सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, बिहार
प्रेस विज्ञप्ति

संख्या–**cm-432**
10/10/2018

पूर्व मंत्री फैयाज भागलपुरी के निधन पर मुख्यमंत्री ने गहरी शोक संवेदना व्यक्त की, राजकीय सम्मान के साथ होगा अंतिम संस्कार

पटना 10 अक्टूबर 2018 :– मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने पूर्व मंत्री फैयाज भागलपुरी के निधन पर गहरी शोक संवेदना व्यक्त की।

मुख्यमंत्री ने अपने शोक संदेश में कहा कि वे एक कुशल राजनेता एवं प्रसिद्ध समाजसेवी थे। वे अल्पसंख्यकों एवं कमजोर तबकों के लोगों के कल्याण के लिये सतत् प्रत्यनशील रहे। उनके निधन से राजनीतिक एवं सामाजिक क्षेत्र में अपूरणीय क्षति हुई है।

फैयाज भागलपुरी का अंतिम संस्कार राजकीय सम्मान के साथ होगा।

मुख्यमंत्री ने ईश्वर से प्रार्थना की है कि वे उन्हें जन्नत में अहम मकाम अता करें और उनके परिवार वालों को इस अपूरणीय क्षति को सहन करने की ताकत दें।

******